# जन्म के समय लगिानुपात

## प्रलिम्सि के लयि:

राष्ट्रीय परविार स्वास्थ्य सर्वेक्षण, लगि नर्धिारण, सरकारी पहल।

## मेन्स के लयि:

असंतुलति लगिानुपात का मुद्दा, राष्ट्रीय परविार स्वास्थ्य सर्वेक्षण, संतुलति लगिानुपात सुनश्चिति करने में चुनौतयिाँ, सरकारी पहल।

## चर्चा में क्यों?

हाल ही के एक अध्ययन में बताया गया है कि भारत में "पुत्र पूर्वाग्रह" में गरिावट आ रही है क्योंकि जन्म के समय लगि अनुपात वर्ष 2011 में प्रति 100 लड़कियों पर 111 लड़कों से कम होकर वर्ष 2019-21 में प्रति 100 लड़कियों पर लड़कों का अनुपात 108 हो गया।

## रपिोर्ट के प्रमुख नष्किर्ष:

- **राष्ट्रीय परदृिश्य:**
  - भारत में "लापता" बच्चयिों की औसत वार्षकि संख्या वर्ष 2010 के लगभग 4.8 लाख से कम होकर वर्ष 2019 में 4.1 लाख हो गई।
    - यहाँ "लापता" का अर्थ है कि इस समय के दौरान कतिने और महलिा जन्म हुए होते यदि महलिा-चयनात्मक गर्भपात नहीं होते।
  - भारत की वर्ष 2011 की जनगणना में प्रति 100 लड़कियों पर 111 लड़कों से राष्ट्रीय परविार स्वास्थ्य सर्वेक्षण (एनएफएचएस) की वर्ष 2015-16 की रपिोर्ट में जन्म के समय लगिानुपात थोड़ा कम होकर लगभग 109 और NFHS-5 (वर्ष 2019-21) में यह संख्या लड़कों की संख्या 108 हो गई है।
  - वर्ष 2000-2019 के बीच महलिा-चयनात्मक गर्भपात के कारण नौ करोड़ महलिा जन्म "लापता" हो गए।
- **धर्म के अनुसार लगिानुपात:**
  - रपिोर्ट में धर्म के आधार पर लगि चयन का भी वशि्लेषण कयिा गया है, जसिमें कहा गया है कि सखिों के लयि यह अंतर सबसे अधकि था।
    - वर्ष 2001 की जनगणना में सखिों का लगिानुपात प्रति 100 महलिाओं पर 130 पुरुषों का था, जो उस वर्ष के राष्ट्रीय औसत 110 से कहीं अधकि था।
    - वर्ष 2011 की जनगणना तक, सखिों का लगिानुपात अनुपात प्रति 100 लड़कियों पर 121 लड़कों तक सीमति हो गया था।
    - नवीनतम NFHS के अनुसार, यह अब 110 के आसपास है, जो देश के हदिू बहुसंख्यक में जन्म के समय पुरुषों और महलिाओं के अनुपात (109) के समान है।
  - **ईसाई** (105 लड़के पर 100 लड़कियाँ) और **मुसलमि** (106 लड़के पर 100 लड़कियाँ) में लगिानुपात प्राकृतकि मानदंड के नकिट है।
- **लापता लड़कियों में धर्मवार हसि्सेदारी:**
  - **भारतीय जनसंख्या में हसि्सेदारी:**
    - सखि: 2%
    - हदिू: 80%
    - मुसलमान: 14%
    - ईसाई: 2.3%
  - **लगि-चयनात्मक गर्भपात के कारण लापता लड़कियों में हसि्सेदारी:**
    - सखि: 5%
    - हदिू: 87%
    - मुसलमान: 7%
    - ईसाई: 0.6%

## भारत में लगिानुपात का इतहिास

- विश्व स्तर पर लड़कों की संख्या जन्म के **समय लड़कियों की संख्या से कम है अर्थात् प्रति 100 महिला शिशुओं के लिये लगभग 105 पुरुष शिशुओं के अनुपात में।**
  - भारत में यह अनुपात वर्ष 1950 और 1960 के दशक में देश भर में प्रसव पूर्व लिंग परीक्षण उपलब्ध होने से पूर्व था।
- समस्या की शुरुआत वर्ष 1970 के दशक में प्रसवपूर्व निदान तकनीक की उपलब्धता के साथ हुई, **जो लिंग चयन गर्भपात की अनुमति देती है।**
  - भारत ने वर्ष 1971 में गर्भपात को वैध कर दिया लेकिन **अल्ट्रासाउंड तकनीक** की शुरुआत के कारण वर्ष 1980 के दशक में लिंग चयन का चलन शुरू हो गया।
- **1970 के दशक** में, भारत का लिंगानुपात **105-100 के वैश्विक औसत** के बराबर था, लेकिन **1980 के दशक** की शुरुआत में यह बढ़कर प्रति 100 लड़कियों पर 108 लड़कों तक पहुँच गया और 1990 के दशक में **प्रति 100 लड़कियों पर 110 लड़कों तक पहुँच** गया।

## संतुलित जन्म लिंग अनुपात सुनिश्चित करने में चुनौतियाँ:

- **प्रतिगामी मानसिकता:**
  - **सामान्यता केरल और छत्तीसगढ़** को छोड़कर सभी राज्यों में पुत्रों को वरीयता दी जाती है।
  - लड़कों को प्राथमिकता देने की प्रवृत्ति प्रतिगामी मानसिकता से संबंधित है, क्योंकि लड़कियों के मामले में **दहेज प्रथा** का प्रचलन है।
- **तकनीक का दुरुपयोग:**
  - अल्ट्रासाउंड जैसी सस्ती तकनीक से लिंग चयन की प्रवृत्ति को बढ़ावा मिलता है।
- **कानून के कार्यान्वयन में विफलता:**
  - **गर्भधारण पूर्व एवं प्रसवपूर्व निदान-तकनीक अधिनियम (PC-PNDT), 1994** जो स्वास्थ्य पेशेवरों और माता-पिता को बच्चे के लिंग के बारे में प्रसवपूर्व जाँच करने पर कारावास तथा भारी जुर्माने का प्रावधान करता है, **लिंग चयन को नियंत्रित करने में विफल रहा है।**
  - रिपोर्ट में PC-PNDT को लागू करने वाले कर्मियों के प्रशिक्षण में **बड़े स्तर पर खामियाँ** पाई गईं।
    - उचित प्रशिक्षण के अभाव का तात्पर्य है कि वे दोषियों को कानून के अनुसार दंड दिलाने में असमर्थ/अक्षम हैं।
- **निरक्षरता:**
  - 15-49 वर्ष के प्रजनन **आयु-वर्ग की निरक्षर महिलाएँ, साक्षर महिलाओं की तुलना में** अधिक बच्चों को जन्म देती हैं।

## आगे की राह:

- **व्यवहार में परिवर्तन लाना:**
  - महिला शिक्षा और आर्थिक समृद्धि में वृद्धि से लिंग अनुपात में सुधार करने में सहायता मिलती है। इसी प्रयास में सरकार के **बेटी बचाओ बेटी पढ़ाओ अभियान** ने समाज में व्यवहार परिवर्तन लाने में उल्लेखनीय सफलता हासिल की है।
- **युवाओं को संवेदनशील बनाना:**
  - प्रजनन, स्वास्थ्य शिक्षा और सेवाओं के साथ-साथ लैंगिक समानता के मानदंडों के विकास के लिये युवाओं तक पहुँचने की तत्काल आवश्यकता है।
  - इसके लिये, मान्यता प्राप्त **सामाजिक स्वास्थ्य कार्यकर्ता (आशा)** की सेवाओं का लाभ खासकर ग्रामीण क्षेत्रों में उठाया जा सकता है।
- **कानून का सख्त प्रवर्तन:**
  - भारत को **गर्भधारण पूर्व एवं प्रसवपूर्व निदान-तकनीक अनियम (PC-PNDT), 1994** को और अधिक सख्ती से लागू करना चाहिये और लड़कों की प्राथमिकता वाले मुद्दों से निपटने के लिये और अधिक संसाधन समर्पित करने चाहिये।
  - इस संदर्भ में **ड्रग्स तकनीकी सलाहकार बोर्ड** का ड्रग्स एंड कॉस्मेटिक्स एक्ट, 1940 में अल्ट्रासाउंड मशीनों को शामिल करने का निर्णय सही दिशा में उठाया गया एक कदम है।

## UPSC सिविल सेवा परीक्षा, विगत वर्षों के प्रश्न (PYQs)

**प्रश्न. आप उन आँकड़ों की व्याख्या कैसे करते हैं जो यह दर्शाते हैं कि भारत में जनजातियों में लिंगानुपात अनुसूचित जातियों की तुलना में महिलाओं के लिये अधिक अनुकूल है? (2015)**

**प्रश्न. भारत के कुछ सबसे समृद्ध क्षेत्रों में महिलाओं के लिये प्रतिकूल लिंगानुपात क्यों है? अपने तर्क दीजिये। (2014)**

## स्रोत: द हिंदू

PDF Refernece URL: https://www.drishtiias.com/hindi/printpdf/sex-ratio-at-birth-2